Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 9 | यशपाल

## QUIZ-03

1. **नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को सूंघने के बाद क्या किया?**

A. करीने से सजाया B. खा लिया

C. खिड़की से बाहर फेंक दिया

D. तौलिये से पोंछा (C)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को केवल सूंघा और फिर खिड़की से बाहर फेंक दिया।

2. **'लसर ख़म कर लेना' का अर्थ क्या है?**

A. लसर झुकाना B. लसर खपाना

C. लसर पीटना D. लसर दबाना (A)

*व्याख्या :* 'लसर ख़म कर लेना' का अर्थ है आदरपूर्वक सिर झुकाना।

3. **नवाब साहब ने खीरे खाकर अपनी उदरपूर्ति क्यों नहीं की?**

A. उन्हें खीरे पसंद नहीं थे

B. उन्होंने केवल उसकी सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतोष किया

C. वे बीमार थे

D. उनके पास नमक-मिर्च नहीं थी (B)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने खीरे खाए नहीं बल्कि केवल उनकी सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट हो गए।

4. **खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होना किस प्रकार का तरीका कहा गया है?**

A. साधारण तरीका

B. सूक्ष्म, नफीस या एब्स्ट्रैक्ट तरीका

C. असंभव तरीका

D. व्यावहारिक तरीका (B)

*व्याख्या :* लेखक ने इसे सूक्ष्म, नफीस और एब्स्ट्रैक्ट तरीका कहा है।

5. **नवाब साहब के पेट से ऊँचे डकार की आवाज़ आने पर उन्होंने क्या कहा?**

A. खीरा बहुत स्वादिष्ट है

B. खीरा लजीज होता है लेकिन भारी होता है और पेट पर बोझ डालता है

C. खीरा स्वास्थ्य के लिए अच्छा है

D. खीरा गरीबों का खाना है (B)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने कहा कि खीरा लजीज होता है लेकिन सकील यानी भारी होता है और पेट पर बोझ डालता है।

6. **लेखक ने 'ज्ञान-चक्षु खुल गए' क्यों कहा?**

A. क्योंकि उन्होंने खीरे की कीमत जानी

B. क्योंकि उन्होंने नवाब साहब की खानदानी तहज़ीब देखी

C. क्योंकि उन्होंने नवाब साहब की हरकत से 'नई कहानी' की प्रवृत्ति को पहचाना

D. क्योंकि उन्होंने खीरे का स्वाद लिया (C)

*व्याख्या :* लेखक ने पहचाना कि जिस प्रकार कल्पना से संतोष संभव है उसी प्रकार कल्पना से कहानी भी बन सकती है, इसलिए 'ज्ञान-चक्षु खुल गए' कहा।

7. **'सकील' शब्द का अर्थ क्या है?**

A. हल्का B. भारी

C. स्वादिष्ट D. कड़वा (B)

*व्याख्या :* 'सकील' शब्द का अर्थ है भारी।

8. **नवाब साहब ने खीरे खाने के बाद तौलिये से क्या पोंछा?**

A. केवल हाथ B. केवल होंठ

C. हाथ और होंठ D. थाली (C)

*व्याख्या :* उन्होंने खीरे की फाँकों को बाहर फेंककर तौलिये से हाथ और होंठ पोंछे।

9. **'नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है' का आशय क्या है?**

A. खीरा पचने में कठिन होता है

B. खीरा खाने से भूख बढ़ती है

C. खीरे से रोग दूर होते हैं

D. खीरा मीठा होता है (A)

*व्याख्या :* इस कथन का आशय है कि खीरा पचने में कठिन होता है और पेट पर बोझ डालता है।

10. **इस प्रसंग का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. खीरे की महत्ता बताना

B. खानदानी रईसों की तहज़ीब और नजाकत दिखाना

C. पेट की समस्या का चित्रण करना

D. खीरे के व्यापार को प्रोत्साहित करना (B)

*व्याख्या* इस प्रसंग के माध्यम से खानदानी रईसों की तहज़ीब, नफासत और नजाकत को प्रदर्शित किया गया है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App